कार्यालय जनपद न्यायाधीश, फिरोजाबाद।

सार्वजनिक सूचना

माननीय उच्च न्यायालय के पत्र संख्या 4048/Main-A/Admin 'D' Section/Allahabad; Dated: 04.04.2022 के अनुपालन में शासनादेश सं०- 1963/Saat-Nyay-2-2000-41G/97 Dated 19.10.2000 एवं शासनादेश सं०-15/2016/1111/Saat-Nyay-2-2016-41G/97 Dated 10.08.2016. के अन्तर्गत जनपद न्यायालय फिरोजाबाद में संविदा के आधार पर कुल 09 अंशकालिक सफाई कर्मचारीगण की नियुक्ति की जानी है। आवेदन की शर्तें निम्नवत हैं-

1- आवेदक जनपद फिरोजाबाद का मूलनिवासी हो।
2- आवेदक की अधिकतम आयु सीमा उम्र 18-35 वर्ष हो।
3- यह नियुक्ति पूर्णतः अंशकालिक रूप से नियत वेतन रू०-6000/- प्रतिमाह की दर से संविदा के आधार पर होगी, जिसे कभी भी बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त किया जा सकता है। सफाई कर्मचारीगण की पूर्णकालिक नियमित नियुक्ति किसी भी दशा में नहीं की जायेगी बल्कि संविदा के तौर पर उनसे कार्य लिया जाएगा।
4- आवेदक को हिन्दी लिखने-पढ़ने का ज्ञान होना चाहिए एवं आवेदक अपनी शैक्षिक योग्यता प्रमाणपत्र भी दाखिल करेगा।
5- आवेदक को न्यायालयों, कार्यालयों एवं शौचालयों की साफ-सफाई का ज्ञान होना चाहिए।
6- आवेदक को न्यायालय परिसर की साफ-सफाई के साथ-साथ पेड़-पौधों की देख-रेख, पार्क आदि की साफ-सफाई का ज्ञान होना चाहिए। आवेदक को यदि उक्त कार्यों का किसी प्रकार का अनुभव है तो वह संलग्न कर सकता है।
7- इच्छुक अभ्यर्थी केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय फिरोजाबाद से निर्धारित आवेदन प्रारूप प्राप्त कर सकते है।

अतः इच्छुक अभ्यर्थी उपरोक्त सफाई कर्मी के पदों हेतु दिनांक **17-09-2022** अपना आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप पर जनपद न्यायालय फिरोजाबाद के केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय फिरोजाबाद में केंद्रीय नाजिर के पास जमा कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों के अनुसार आवेदकों का साक्षात्कार दिनांक **19-09-2022** प्रातः 10 बजे न्याय भवन के मीटिंग हॉल में लिया जाएगा।

(हरवीर सिंह)
अध्यक्ष चयन समिति/
जनपद न्यायाधीश फिरोजाबाद।
DISTRICT JUDGE
FIROZABAD